शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना करते हुए सीएम।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री आवास स्थित गौशाला में मुख्यमंत्री ने गौ माता से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को न्यू कैंट रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश किया। विधि विधान से पूजा अर्चना कर मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत, गणेश जोशी, यतीश्वरानंद, डॉ. धन सिंह रावत, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक हरबंस कपूर, खजानदास, शक्तिलाल शाह मौजूद थे।

### उपनल करेगा नौकरियों की बंदरबांट सरकार के इशारे पर

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि इस कृत्य से प्रदेश के सिफारिश विहीन युवाओं के साथ बहुत बड़ा अन्याय किया जा रहा है। अगर नियुक्ति प्रक्रिया उपनल जैसे निगमों से ही होनी है तो इन चयन आयोगों का क्या महत्व रह जाता है। मोर्चा सरकार से मांग करता है कि इन पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया हेतु उपनल के स्थान पर किसी जिम्मेदार आयोग से परीक्षा/नियुक्ति प्रक्रिया संपन्न कराए।

### विद्यामंदिर क्लासेज का अनूठा टेस्ट

**संवाददाता** देहरादून। छात्रों के लिए सही कैरियर और स्ट्रीम का चयन वाकई एक कठिन कार्य है और लगभग 85 फीसदी छात्रों के लिए सही निर्णय लेना अत्यंत कठिन कार्य होता है। छात्रों को अपना सपना साकार करने के लिए शिक्षित करने तथा प्रोत्साहित करने के अपने प्रयासों के तहत विद्यामंदिर क्लासेज ने मिंडलर के सहयोग से दो अभिनव टेस्ट– वीएमसी दिशा और वीएमसी विजन शुरू किया है।

### रियलमी ने अपनी एआईओटी प्रस्तुतियों का विस्तार किया

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया के सबसे तेजी से विकसित होते हुए स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज रियलमी वॉच 2 प्रो, रियलमी वॉच 2 रियलमी बड्स वायरलेस 2 रियलमी बड्स वायरलेस 2 नियो और रियलमी बड्स क्यू 2 नियो के लॉन्च के साथ अपनी एआईओटी प्रस्तुतियों का विस्तार किया यह उत्पाद रियलमी द्वारा हाल ही में घोषित 15टी' स्ट्रेट्जी के तहत लॉन्च किए गए जिसका उद्देश्य यूजर्स के लिए लेटेस्ट टेक्नॉलॉजिकल ट्रेंड्स के अनुरूप एस्पायरेशनल, ट्रेंडसेटिंग लाईफस्टाईल प्रस्तुत करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत करना है।

# कारगिल में उत्तराखण्ड के सपूतों ने देश की रक्षा के लिए प्राणों की आहूति दी

## श्रद्धांजलि

- सीएम ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी
- कारगिल युद्ध में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ाः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क, देहरादून में शौर्य दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने कारगिल युद्ध में विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा। कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध में बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर घोषणा की कि उत्तराखंड से द्वितीय विश्व युद्ध की वीरांगना एवं वेटरन को अब प्रतिमाह पेंशन 8 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए दी जाएगी। इसका फायदा लगभग 800 परिवारों को मिलेगा। एन.डी.ए , सी.डी.एस एवं उसके समकक्ष लिखित परीक्षा पास करने पर परिवार की आर्थिक स्थिति के आधार पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार की तैयारी के लिये 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। जल्द ही सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए पढ़ाई हेतु हल्द्वानी में छात्रावास बनाया जाएगा। वीर नारियों एवं वीरता पुरस्कार प्राप्तकर्ता



सैनिकों के सम्मान में गढ़वाल एवं कुमाऊं मण्डल में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। 01 सितंबर से प्रदेश में सैन्य सम्मान यात्रा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके बाद कारगिल शहीद नागा रेजीमेंट के नायक स्व. देवेन्द्र सिंह रावत के कौलागढ़ स्थित आवास जाकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक हरवंश कपूर, खजानदास, मेयर सुनील उनियाल गामा ने भी शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# पोर्टल बेस्ड मॉनिटरिंग की जाएः मुख्य सचिव

## समीक्षा

- मुख्य सचिव ने की केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. सन्धु ने सोमवार को सचिवालय में केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में गति लाने के लिए आवश्यक मैन पावर, मशीनरी एवं मटीरियल की पर्याप्तता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में गति लाने के लिए वीकली टारगेट निर्धारित कर अचीवमेंट की समीक्षा



नियमित रूप से की जाए। उन्होंने पोर्टल बेस्ड मॉनिटरिंग किए जाने के भी निर्देश दिए।

**वीकली टारगेट और अचीवमेंट बेस्ड महनिटरिंग की जाएः** मुख्य सचिव डॉ. सन्धु ने अगले एक–दो दिनों में पोर्टल तैयार कर इसकी नियमित रूप से पोर्टल बेस्ड मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठकों में लिए जाने वाले निर्णयों की जानकारी पोर्टल पर उसी दिन अपलोड कर सम्बन्धित को भी उसी दिन प्रेषित कर दिए जाएं, ताकि निर्णयों की जानकारी के अभाव में कोई कार्य बाधित न हो। मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों में लगी मशीनरी हेतु सभी आवश्यक स्पेयर पार्ट्स की लिस्ट तैयार करते हुए उनकी उपलब्धता पूर्व में ही सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए, ताकि स्पेयर पार्ट्स के अभाव में कार्य बाधित न हो। उन्होंने शीघ्र अतिशीघ्र आवश्यक अनुमोदन समितियों की बैठक कराए जाने के भी निर्देश दिए।

**गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहींः** मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यों में गति के साथ ही गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। कार्यों में तेजी लाने के लिए जो कार्य समानांतर किए जा सकते हैं, कर लिए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में आ रही समस्याओं और उनके समाधान के साथ बैठकों में आने के निर्देश दिए, ताकि शीघ्र निर्णय लिए जा सकें।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

### भूतकाल की चिंता नहीं, वर्तमान में जीता हूंः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूजा–पाठ के बाद सरकारी आवास में शिफ्ट हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में ग्रेड के मसले पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सीएम बनने के बाद बिना किसी के कहे ग्रेड पे को लेकर कदम उठाया गया। शपथ ग्रहण के दो घंटे के भीतर पहली कैबिनेट बैठक हुई और इस मसले पर मंत्रिमंडल की उप समिति गठित कर दी गई। समिति अपना काम कर रही है और जल्द ही रिपोर्ट सौंपेगी। हम स्वयं रास्ता निकालने के लिए आगे आए हैं। पुलिस के जवान हमारे भाई हैं और उन्हें हमारी भावनाओं को समझना चाहिए।

आपको बता दें कि बीते रोज पुलिस कर्मियों के परिवार ने ग्रेड पे की मांग को लेकर गांधी पार्क में धरना दिया था। मुख्यमंत्री आवास से जुड़े मिथक और गृह प्रवेश पर सीएम धामी ने कहा कि मैं हमेशा कर्म में विश्वास रखता हूं और वर्तमान में जीता हूं। मैने न भूतकाल की चिंता की और न प्रायश्चित। बारिश को लेकर जारी रेड अलर्ट पर सीएम ने कहा कि आपदा को लेकर सभी जिलाधिकारियों और आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रीतम सिंह ने संभाला नेता प्रतिपक्ष का पदभार

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने सोमवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पदभार संभाला। उन्हें पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना है। डॉ इंदिरा हृदयेश के निधन के चलते नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त हो गया था। बीती 13 जून को डा इंदिरा हृदयेश का निधन होने से नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त हो गया था। बीती 27 जून को नेता प्रतिपक्ष पद पर चयन को लेकर दिल्ली में बुलाई गई प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक में संगठन में बदलाव की मांग भी उठी थी। मामला पेचीदा होने पर विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित कर इन दोनों पदों पर फैसला लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को अधिकृत किया गया था। बीती 12 व 13 जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल समेत प्रदेश के कई नेताओं ने अलग–अलग कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की थी।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।